# गौवंश को ट्रक ने कुचला, 20 की मौत

## आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम, गुना रोड पर दो जगह पर बीती रात्रि को हुई घटना



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 सितंबर, का. गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि में गुना रोड पर अंधगति से दौड़ रहे वाहन ने अलग-अलग जगह हाईवे पर मौजूद गौवंश को कुचल दिया. हादसे में 20 से अधिक गौवंश की दर्दनाक मौत हो गई. इस दुःखद घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया. लोगों ने खानपुरा जोड़ तथा घोड़ापछाड़ के समीप हरीपुरा के यहां हाईवे पर जाम लगा दिया.**

जानकारी के अनुसार यह घटना बीती रात्रि लगभग 1 बजे के आसपास होना बताया जा रहा है. उक्त वाहन द्वारा घोड़ापछाड़ टोल एवं हरीपुरा के बीच हाईवे पर गौवंश को टक्कर मारी. यहां 10 से 11 गौवंश की मौत हो गई. इसी तरह तेज रफ्तार वाहन ने खानपुरा जोड़ के यहां हाईवे पर मौजूद गौवंश को कुचल दिया. यहां 14 गौवंश की मौत होना बताया जा रहा है. कुछ गौवंश घायल हो गये. इस तरह हादसे में 20 से अधिक गौवंश की मौत होने की बात सामने आई है.

**क्षत विक्षत हुए गौवंश-** आरोपी वाहन द्वारा गौवंश को इतनी बुरी तरह से कुचला कि उनके शरीर बुरी तरह क्षत विक्षत हो गये. जिन्हें देख हर कोई व्यथित हो उठा और गौवंश की हो रही दुर्दशा को लेकर आक्रोश भी नजर आया.

**बहुत कम गौशालाएं-** जिस तरह से जिले में गौवंश की संख्या है उसको देखते हुए जो गौशाला है वह ऊंट के मुहं में जीरे के समान है. जानकारी के अनुसार जिले भर में मात्र 140 गौशालाएं संचालित है. 111 गौशालाएं शासकीय तथा 29 गौशालाएं अशासकीय है. प्रत्येक गौशाला में गौवंश के रहने की क्षमता लगभग 100 के आसपास है. इस तरह 14 हजार के आसपास ही गौवंश गौशालाओं में रह रहा है.

### नहीं कोई ठोर ठिकाना

शासन, प्रशासन स्तर पर बेसहारा गौवंश के लिए छत, छांव एवं उनके संरक्षण हेतु अनेक प्रयास किए गये . लाख दावे किए गये कि अब हाईवे, चौराहों, सड़को पर रहने वाले बेसहारा गौवंश को संरक्षण देते हुए उन्हें गौशाला व अन्य सुरक्षित स्थानों पर रखा जाएगा . मवेशियो को पूरी तरह से संरक्षण एवं उनकी देखभाल करने की पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा बारिश के दिनों में बेसहारा मवेशियों की सुरक्षा हेतु उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने के सख्त निर्देश दिए गये बावजूद इसके आज हजारों की संख्या में मवेशी सड़क, चौराहो, हाईवे पर देखे जा सकते हैं .

## अज्ञात चोरों ने चुराई गेहूं की बोरियां

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** बड़ागांव धसान थाना क्षेत्र के अजनौर गांव में अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए मकान में रखी गेहूं की बोरियां को चुराने की घटना को अंजाम दिया है पुलिस इस मामले की जांच कर आगे की कार्यवाही करने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार फरियादी हरदयाल लोधी ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कि अज्ञात चोरों ने मकान की बाउंड्रीवॉल तोड़ी और कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखी गेहूं की पांच बोरियां चोरी कर लीं। जब चोरी हुई उस समय मकान मालिक और उनका परिवार घर के दूसरे कमरे में सो रहा था। सुबह ताला टूटा देखकर चोरी का पता चला। बड़ागांव थाना पुलिस ने आवेदन लेकर इस मामले की जांच कर आगे की कार्यवाही करनी प्रारंभ कर दी है।



# सत्य अहिंसा से ही विश्व में शांति संभव : ओम बिरला

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज ने 32 वें श्रावक संस्कार शिविर में संबोधित करते हुए कहा कि परम भक्त शिष्य लोकसभा अध्यक्ष ओम विरला सोम्य, सहज एवं सरल स्वभाव तथा हमेशा मुस्कुराते रहने वाले व्यक्तिव के धनी है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति आचार और विचारों को लेकर चलने वाले हमारे राष्ट्र के प्रति समर्पित हो,वही हम साधु संतो की संस्कृति होती है।**

हम लोग सदा धर्म के क्षेत्र में रहते हुए भी राष्ट्र को संस्कारवान देखना चाहते है। राष्ट्र की संस्कृति एक ऐसी आदर्श संस्कृति हो जो हमारी भारत की संस्कृति को विश्व में एक अलग स्वर्णमयी इतिहास रचे। उन्होंने कहा कि अच्छे लोग बिरला जैसे लोग देश के ऊपर कमाण्डिंग करेगें तो देश में जरूर सौहार्द्र बनेगा। हमारा देश का कोई पक्ष, विपक्ष नही होता। हमारे देश में रहने वाला हर व्यक्ति हमारा नागरिक होता है। जब हम नागरिक की विहंग दृष्टि डालते है, वह ऐसे पदों को हमारे कानून ने स्थापित किया है। देश में सर्वोच्च पदों पर बैठने वालों के आदर्श मिलते है, उनके आदर्शो एवं उद्देश्यों से प्रेरणा लेते है और सकारात्मक सोच मिलती है। उन्होंने कहा कि भारत इंडिया नही, भारत भारत ही रहे, गुरू का सपना था उसे हम सब मिलकर पूरा करेगें।

इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आचार्य परंपरा के गौरव राष्ट्रसंत मुनि पुंगव श्री श्री 108 सुधासागर महाराज जहां भी जाते है, जिस नगर से गुजरते है,जिस शहर,गावं जिस राजधानी से निकले है वह सारा क्षेत्र धर्ममय हो जाता है। गुरू के इन चरणों की इस माटी से ही उस क्षेत्र की जनता में आध्यात्मिक धर्म संस्कृति की नैतिकता का प्रभाव हो जाता है।

उन्होंने कहा कि देशभर से आये 32 वें श्रावक संस्कार शिविर में सभी भक्तों में प्रणाम करता हूॅ। आप सबकों को सौभाग्यभ मिला है आचार्य जी के चरणों का,हमें भी सौभाग्यक मिला है। आचार्य जी की कृपा है कि समय समय पर आशीर्वाद देते है हमारा मार्गदर्शन करते है। यह समय पर्युषण पर्व का विशेष महत्व का समय है। जैन समाज नही बल्कि सृष्टि पर रहने वाले हर व्यक्ति को पर्यूषण पर्व के महत्व को समझना चाहिए। हमारे जीवन के अंदर हम नैतिकता लाए,क्षमा लाएं,करूणा लाएं और अपने जीवन के अंदर हमेशा सत्य, अहिसा और करूणा का भाव है। पर्युषण पर्व के दस लक्षण है। संभव सबके साथ एक जैसा भाव हमेशा कल्याण का भाव होना चाहिए।

## शिक्षक दिवस पर नेत्रदान का लिया संकल्प

**बैतूल।** श्रेष्ठ दान वह माना जाता है जो व्यक्ति के जीवन में स्थाई लाभ पहुंचाए और उसके जीवन को बेहतर बनाए जिसमें विद्या दान के समान ही नेत्रदान को भी श्रेष्ठ माना जाता है। क्योंकि यह जीवन भर किसी के काम आता है और नेत्रदान से आत्मा शांति मिलती है। इसी उद्देश्य को लेकर शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर ढोंडवाड़ा स्कूल में पदस्थ शिक्षक व विगत वर्षो से शैक्षणिक कार्य के साथ समाज सेवा में मदनलाल डढोरे ने एक कदम आगे आकर मृत्यु पश्चात अपने पढाए हुए छात्रों में से किसी जरूरतमंद छात्र-छात्रा को नेत्रदान करने का संकल्प लिया। शिक्षक द्वारा यह संकल्प पत्र केन्द्रीय राज्य मंत्री सांसद डीडी उइके व जिला अस्पताल के अधिकारियों को सौंपा।

# चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## नगद रकम की बरामद

**बैतूल। कोतवाली पुलिस ने अधिवक्ता के कार्यालय से हुई चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर नगद रकम बरामद की है।**

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 3 सितंबर को जितेन्द्र प्रजापति पिता नेहरू प्रजापति (उम्र 34 वर्ष, निवासी पाढर थाना कोतवाली बैतूल) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 अगस्त को वह एक अधिवक्ता के ऑफिस में गया था। वहां रखे उसके बैग में कपड़े एवं उसकी मेहनत की कमाई के 5000 रखे हुए थे। किसी कार्य से बाहर जाने पर अज्ञात चोर ने खुले ऑफिस से बैग खोलकर 5000 की नकदी चोरी कर ली। लौटने पर जब फरियादी ने बैग देखा तो उसमें रखी रकम गायब थी। शिकायत पर थाना कोतवाली में धारा 305(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना शुरू की गई।

कोतवाली पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से निरीक्षण किया। फुटेज के आधार पर संदेही दिलीप यादव पिता महादेव यादव, (40 वर्ष) निवासी गौली मोहल्ला कृष्णपुरा वार्ड, टिकारी, बैतूल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार किया।

# नदी की पुलिया में बहा युवक लापता

## एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम लगातार कर रही खोजबीन

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 5 सितम्बर, क्षेत्र के ग्राम खोंदूपुर के समीप नदी की पुलिया में बहे युवक के बारे में तीन दिन बाद भी जानकारी नहीं मिल सकी है. इस दौरान एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम युवक की लगातार खोजबीन में लगी है. लेकिन शुक्रवार शाम तक भी युवक की जानकारी नहीं मिल सकी है. इस दौरान प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद है.**



जानकारी के अनुसार खोंदूपुर के पास पुलिया में बुधवार को कुछ लोग नहा रहे थे. इस दौरान एक युवक पानी में बह गया. मामले की जानकारी मिलने पर प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे एवं युवक की खोजबीन की गई. लेकिन युवक की जानकारी नहीं मिल सकी. अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि खोंदूपुर के पास पुलिया में बुधवार को कुछ लोगों के नहाने की जानकारी मिली है. इस दौरान करीब 19 वर्षीय युवक अरुण के बह जाने की सूचना मिली है. जिसके बाद प्रशासन द्वारा लगातार युवक की खोजबीन की जा रही है. वही एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंचकर युवक की खोजबीन कर रही है. टीम द्वारा शुक्रवार को युवक की तलाश की गई. लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल सका है. युवक की लगातार सर्चिंग की जा रही है.

### एक नजर में



#### शिक्षक बिना ज्ञान नहीं और जीवन नहीं

**सागर.** द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया 323जी 2से संबद्ध वी क्लब सागर प्रगति द्वारा शिक्षकों को एवं मनीष केसरवानी, वीरेंद्र कलसिया और प्रीति केसरवानी को सम्मानित किया गया. क्लब संस्थापिका विनीता केसरवानी ने कहा कि शिक्षक ही भविष्य के निर्माता है .क्लब अध्यक्ष शशि साहू ने कहा कि शिक्षक बिना ज्ञान नहीं और शिक्षक बिना जीवन नहीं. कार्यक्रम में आकांक्षा केशरवानी, संध्या केसरवानी, कंचन गुप्ता, उमाशांति साहू, रंजीता केसरवानी, वंदना केसरवानी, सुनीला केसरवानी, रितु केसरवानी, अमिता साहू, विश्वाभा, अलका, रश्मि ज्योति उपस्थित रहीं.

#### रोजगार मेले में 700 पदों पर की जाएगी भर्ती

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 सितंबर को डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रातः 11 बजे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे. रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी. इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किए जाएंगे. मेले में शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेन्टिसशिप के लिए युवाओं का चयन भी किया जाएगा. इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं.

#### पितरों को श्रद्धा दें, वे हमें शक्ति देंगे

**विदिशा**, अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा श्राद्ध पक्ष के अवसर पर गायत्री प्रज्ञा पीठ, स्वर्णकार कॉलोनी एवं गायत्री शक्ति पीठ, राजीव नगर में सामूहिक श्राद्ध तर्पण एवं पिंडदान निःशुल्क कराया जाएगा.भारतीय संस्कृति में पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु 16 दिन का श्राद्ध पक्ष मनाया जाता है.इन दिनों विधिविधान से श्राद्ध करने पर परिवार को सुख-शांति, स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता व पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता है. आयोजन कल 7 सितंबर से 21 सितंबर तक प्रतिदिन प्रातः 7 .30 से 9 बजे तक होगा. श्रद्धालुओं से निवेदन है कि वे समय से 15 मिनट पूर्व पधारें. पूजन सामग्री की व्यवस्था पीठों पर रहेगी.

#### अवैध कब्जे के खिलाफ कार्यवाही

**गुना।** विनायकखेड़ी पंचायत ने कंचनपुरा स्थित दुकानों पर अवैध कब्जे को लेकर सख्त कदम उठाया। पंचायत ने पूर्व में मोनू परिहार निवासी कंचनपुरा को नोटिस जारी करते हुए तत्काल कब्जा खाली करने और बकाया किराया जमा कराने के निर्देश दिए थे। पंचायत द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, मोनू परिहार ने ग्राम पंचायत की तीन दुकानों पर वर्ष 2021 के जनवरी माह से अब तक अवैध कब्जा कर रखा है। इस दौरान किराए का भुगतान नहीं किया गया, जिसके चलते पंचायत ने प्रति दुकान 3000 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से बकाया राशि तत्काल जमा कराने को कहा है। पंचायत ने स्पष्ट किया था कि नोटिस मिलने के तीन दिन के भीतर यदि दुकानें खाली नहीं की जातीं और बकाया किराया जमा नहीं होता, तो परिहार के विरुद्ध एकपक्षीय वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसी तारतम्य में शुक्रवार को तहसीलदार जीएस बैरवा के नेतृत्व में दुकान से कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। माखननगर शिक्षक दिवस के उपलक्ष में नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक रहे स्वर्गीय नर्मदा प्रसाद वर्मा की स्मृति में पांचवा सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम वर्मा परिवार द्वारा आयोजित किया गया सर्वप्रथम वर्मा जी के चित्र पर वरिष्ठ शिक्षक रमेश पचौरी ने पुष्प माला अर्पित कर एवं तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इसके उपरांत नगर के वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र सिंघई द्वारा सेवानिवृत शिक्षक रमेश पचौरी जी का शाल श्रीफल एवं माला पहनकर सम्मान किया।

# इंका जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

## शिक्षक दिवस पर कांग्रेस ने किया शिक्षकों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 05 सितंबर, सं. शुक्रवार को कांग्रेस के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह के जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया.**

नगर में विभिन्न स्थानों पर मंच बनाकर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा श्री सिंह का जोरदार स्वागत किया गया. पाडल्या रोड दूध तलाई में पूर्व नपा उपाध्यक्ष शफीक अंसारी मित्रमंडल, पुराने बस स्टैंड पर समीर भुरु भाई मेव पार्षद, कैलाश पुष्पद, बाबूलाल पुष्पद, पूर्व सरपंच सत्यनारायण पुष्पद सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया.

कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. अली ने पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया. श्री सिंह के नगर आगमन पर बड़ी संख्या में वाहनों का काफिला उनके साथ रहा. शिक्षक दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों का शाल श्रीफल एवं फूल माला से सम्मान किया गया. सारंगपुर एवं संडावता ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वोटर लिस्ट की सूची में काफी गड़बड़ियां सामने आई है. वोट चोरी की सुनियोजित योजनाएं उजागर हो रही है.

# कालीसिंध नदी में गिरी कार, युवक हुआ लापता

## कार में सवार युवक संडावता निवासी जनपद सदस्य का पुत्र बताया जाता है

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 05 सितंबर, सं. नगर में कालीसिंध नदी पर स्थित बिना रेलिंग वाले पुल से एक कार नदी में जा गिरी. कार में सवार चालक युवक लापता है जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी है. कार में सवार युवक संडावता निवासी जनपद सदस्य का पुत्र बताया जाता है.**

नगर के पुराना ए.बी.रोड पर स्थित कालीसिंध नदी पर मौजूद बिना रेलिंग की के पुल से बीती रात्रि को स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 04 सी के 3378 जो की ग्राम संडावता जनपद पंचायत सदस्य महेश सोनी की बताई गई है, कार उनका पुत्र विशाल सोनी उम्र 28 वर्ष चला रहा था जो कि लापता है. युवक की पुलिस और एनडीएफआर की टीम तलाश कर रही है.



**बिना रेलिंग पुल बना जानलेवा-** बिना रेलिंग के पुल पर आये दिन घटनाएं हो रही है. कालीसिंध नदी पर वर्षो पुराना पुल है जो कि काफी जर्जर हो चुका है.

### मोबाईल पर कहा मैं आ रहा हूं

जानकारी के अनुसार विशाल सोनी सारंगपुर में किसी से पैमेंट लेने का बोलकर आया था. इसी बीच उसकी रात्रि 10.30 बजे परिजन से मोबाईल पर बात हुई थी जिसमें उसने कहा था कि मैं आ रहा हूं. इसी बीच कालीसिंध नदी के पुल पर गुजरते समय कार बिना रेलिंग वाले पुल से अनियंत्रित होकर नीचे नदी में जा गिरी. रात्रि में अंधेरा होने के कारण किसी को पता नहीं चला. सुबह जैसे ही लोगों ने नदी में कार को देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी.

# ईद मिलादुन्नबी पर निकला भव्य जुलूस

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 05 सितम्बर शहर और न्यू यार्ड क्षेत्र में शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में मुस्लिम समुदाय के हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन को बड़े धूमधाम से मनाया।**



इस दौरान पूरे माहौल में आस्था और उल्लास की झलक साफ दिखाई दी। सुबह से ही शहर की मस्जिदों में नमाज और दुआओं का सिलसिला शुरू हुआ, जिसके बाद सभी मस्जिदों के लोग एक साथ मिलकर जुलूस में शामिल हुए। जुलूस ऑडिटोरियम रोड से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी, पांचवीं लाइन और जस्तंभ मार्ग से होते हुए अंजुमन स्कूल परिसर में जाकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग पर रंग-बिरंगे झंडे, झालर और रोशनी से सजावट की गई थी। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं जगह-जगह चौक-चौराहों पर स्थानीय लोगों ने जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं को तबर्रुक (प्रसाद) बांटा। जुलूस के आगे बढ़ते समय इस्लामी नारे गूंजते रहे, जो पैगंबर साहब के प्रति गहरी आस्था और सम्मान का संदेश दे रहे थे।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व पर वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को फल वितरित

**सिवनी मालवा 05 सितम्बर** सिवनी मालवा में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आखिल भारतीय मुस्लिम संगठन नगर अध्यक्ष फिरोज खांन के नेतृत्व में अखिल भारतीय मुस्लिम संगठन सदस्यों के द्वारा ईदगाह स्थित कब्रिस्तान में फलदार आम के पौधे का रोपण किया साथही वृद्ध आश्रम पहुंच वृद्धजनों को फल वितरित किये गए। उन्होंने देश की अमन व खुशहाली और तरक्की की दुआ की। इस अवसर पर आखिल भारतीय मुस्लिम संगठन के नगर अध्यक्ष फिरोज खांन, परवेज खांन, अरशद वाकिल, सुब्बु खांन मंसूरी, मजहर सेठ, सगीर शाह, इस्तियाक खांन, नसीर शाह आदि उपस्थित थे।

## कार्यशाला में दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला टीकमगढ़ प्रवीणा व्यास की अध्यक्षता में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय के सभाकक्ष में पर्यावरण कानूनों एवं प्रभाव के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया।**

कार्यशाला में क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर सतीश कुमार चौकसे द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक संख्या में पौधे लगाना चाहिए, उर्जा की बचत करना चाहिए, सिंगल प्लास्टिक का प्रयोग करने से बचना चाहिए तथा यथा संभव लोक वाहन का उपयोग करना चाहिए।

**उखड़ी सड़कें** | उखड़ी सड़कें, अनगिनत गड्ढे होकर छलनी हुई सड़कें, पेंचवर्क के नाम पर औपचारिकता भर

# नगर के मुख्य मार्ग पर जानलेवा गड्ढों से अनहोनी का डर

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 सिंतबर, का.** पहले से ही बदहाली का दंश झेल रही सड़को पर मरहम के नाम पर किया गया पेंचवर्क मात्र औपचारिकता भर साबित हुआ. कुछ दिन में ही पेंचवर्क की गिट्टी ऊपर आ गई. अब तेज बारिश ने पेंचवर्क को बुरी तरह तहस-नहस कर दिया है. सड़को पर गिट्टी बिखरी होने से आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रह है. इंदौर नाका, अस्पताल रोड, राजगढ़ रोड आदि कई जगह जानलेवा गड्ढे हो रहे है जो कभी कोई अनहोनी का कारण बन सकते है.



विदित है कि इंदौर नाका पुल, राजगढ़ रोड, सिविल अस्पताल रोड, रेलवे स्टेशन रोड सहित अन्य स्थानों पर सड़के छलनी हो गई है. विगत दिवस बारिश का दौर थमने पर विभाग द्वारा पेंचवर्क के नाम पर सड़को पर हो रहे गड्ढो में गिट्टी, मटेरियल बिछाकर इतिश्री कर ली गई. जबकि मजबूती के साथ व्यवस्थित मरम्मत कर पेंचवर्क किया जाता तो संभवत: इससे आवागमन में अच्छी राहत मिल सकती थी.

**2 हजार के पार पहुंचा आंकड़ा**

सितंबर माह के शुरुआत से ही झमाझम बारिश शुरु होने से ब्यावरा में बारिश का आंकड़ा 2000 एमएम से ऊपर जा पहुंचा है. जिले की कुल औसत वर्षा का आंकड़ा भी तय आंकड़े से ऊपर जा पहुंचा है. सितंबर माह के शुरुआत में कई सालों बाद इतना अधिक बारिश का आंकड़ा पहुंचा है.

विदित है कि सितंबर माह के शुरु होते ही एक बार फिर जिले में बारिश का क्रम शुरु होने से चहुंओर पानी ही पानी हो गया है. नदी, नाले उफान पर आ गये. गुरुवार को ब्यावरा में बारिश का आंकड़ा 2000 एमएम के ऊपर जा निकला जो कि जिले की तहसीलों में सर्वाधिक बारिश है.

## शनिवार को यहां रहेगी बिजली गुल

**गुना।** मेंटीनेंस के चलते शनिवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। प्रबंधक कैंट विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार दिनांक 06 सितम्बर को अनंत चौदस के असवर विद्युत व्यवधान न होने के उद्देश्य से 6 सितम्बर 25 को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मेंटनेंस कार्य किया जायेगा। जिससे पटेल नगर, ढौगापुरा, गुलाबगंज, खेजरा रोड, कालापाठा कैंट चौराहा, कैंट सब्जी मण्डी, कांजी हाऊस तकिया मौहल्ला, पुलिस लाईन, सिविल लाईन सदर बाजार आदि क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा।